# 08/ रिक्त स्थानों की पूर्ति

रिक्त स्थानों की पूर्ति से सम्बन्धित प्रश्नों के माध्यम से प्रायः छात्रों की सामान्य समझ, व्याकरण तथा शब्द ज्ञान का पता लगाया जाता है। *सामान्यतया रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु दो प्रकार से प्रश्न पूछे जाते हैं*

**वाक्य पूर्ति पर आधारित प्रश्न** वाक्य पूर्ति से सम्बन्धित प्रश्नों में एक वाक्य दिया रहता है जोकि अपूर्ण स्थिति में होता है। इस अपूर्ण वाक्य को उचित शब्दों के चयन से शुद्ध एवं अर्थपूर्ण बनाना होता है।

**उदाहरण 1.** प्रत्येक राष्ट्र की अपनी एक .......... होती है।

(a) वेशभूषा (b) कल्पना (c) राष्ट्रभाषा (d) राज्यभाषा

***हल*** (c)

**व्याख्या** चूँकि हर राष्ट्र के लिए राष्ट्रभाषा का होना अनिवार्य है इसलिए उपरोक्त चारों विकल्पों में से 'राष्ट्रभाषा' सही विकल्प है।

**अनुच्छेद पूर्ति पर आधारित प्रश्न** इस प्रकार के प्रश्नों में एक गद्यांश दिया जाता है तथा आवश्यकतानुसार कुछ खाली स्थानों को छोड़ दिया जाता है। अस्थायी रूप से खाली स्थानों को कुछ अंकों द्वारा भर दिया जाता है तथा उत्तर के लिए उस अंक से सम्बन्धित चार विकल्प दिए जाते हैं। अंक के उसी विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर क्रमशः पूरे गद्यांश को स्थायी रूप से भरना होता है।

**निर्देश** (उदाहरण 2-4) *निम्नलिखित अनुच्छेद में से रिक्त स्थानों की पूर्ति उनके सम्मुख अंकित विकल्पों में से सही विकल्प छाँट कर कीजिए।*

मेरे भारत (2) में अनेक धर्मों के लोग रहते हैं। इनमें आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना है। देश के (3) राज्यों में वेशभूषा, भाषा, खानपान आदि में भिन्नता पाई जाती है। मेरे देश की (4) प्रसिद्ध है। देश में अनेक महापुरुषों ने जन्म लेकर शान्ति का सन्देश दिया है। वहाँ की प्राकृतिक शोभा देखते ही बनती है। विश्व के लोग यहाँ आने को तरसते हैं। मेरा भारत महान् है।

**2.** (a) देश (b) कक्षा (c) शहर (d) संगठन

***हल*** *(a)*

**3.** (a) सुन्दर (b) गन्दे (c) मेरे (d) विभिन्न

***हल*** *(d)*

**4.** (a) शान्ति प्रियता (b) मनुष्य (c) नागरिक (d) लोग

***हल*** *(a)*

Studyandupdates

# अभ्यास के लिए प्रश्न

**निर्देश** (प्र.सं. 1-20) *दिए गए वाक्यों में रिक्त-स्थानों की उचित शब्दों द्वारा पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

1. बैशाख की अमावस्या को बरगद के पेड़ की पूजा ······ औरतें करती हैं।
(a) कुआरी (b) सुहागिन
(c) विधवा (d) प्रौढ़ा

2. गुप्त जी की रचनाओं में व्याप्त ····· के फलस्वरूप इन्हें राष्ट्र कवि का विरुद मिला।
(a) मातृ प्रेम (b) भक्ति प्रेम
(c) नारी प्रेम (d) राष्ट्र प्रेम

3. हमारे समाज के मृतक होने का कारण ······ है।
(a) कुपोषण (b) रोषण
(c) दूषण (d) शोषण

4. मनुष्य अपने ······ का निर्माता स्वयं ही है।
(a) भाग्य (b) गृह
(c) काम (d) वस्त्र

5. गोपालदास नीरज श्रेष्ठ ····· हैं।
(a) कथाकार (b) गद्यकार
(c) गीतकार (d) समीक्षाकार

6. श्रीराम के वन गमन का ····· उद्देश्य राक्षसों का विनाश करना था।
(a) मुख्य (b) मूल
(c) एकमात्र (d) प्रमुख

7. हमारे समाज की उन्नति दहेज प्रथा का ····· किए बिना नहीं हो सकती।
(a) विनाश (b) बहिष्कार
(c) त्याग (d) उन्मूलन

8. विश्व में ······ की ही प्रधानता है।
(a) वाणी (b) कर्म
(c) धर्म (d) ज्ञान

9. खेती की गणना अब लाभकारी ········ में होने लगी है।
(a) कार्यों (b) उद्योगों
(c) व्यवसायों (d) व्यापारों

10. प्रत्येक भाषा की अपनी एक ····· होती है।
(a) गति (b) दिशा
(c) प्रकृति (d) प्रवृत्ति

11. वह हृदय नहीं, वह ······ है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं।
(a) पत्थर (b) कण्टक
(c) दर्पण (d) आलय

12. भगवान ······ सहज भक्तिभाव से शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं।
(a) आशुतोष (b) महावीर
(c) राम (d) कृष्ण

13. गुरुजनों के आदेश की ··· सर्वथा अनुचित है।
(a) अपेक्षा (b) उपेक्षा
(c) आलोचना (d) अभिलाषा

14. जो जन-साधारण का हित न कर सके, वह साहित्य ······ है।
(a) उत्कृष्ट (b) निकृष्ट
(c) प्रकृष्ट (d) आकृष्ट

15. साहित्य वस्तुत: जीवन की ········ है।
(a) अनुमोदन (b) नीराजना
(c) आलोचना (d) अभ्यर्थना

16. सोवियत रूस का ······ इस दशक की एक उल्लेखनीय घटना है।
(a) विखराव (b) विखण्डन
(c) विघटन (d) विनाश

17. रेल-दुर्घटना में कई सौ यात्रियों की ····· हुई।
(a) हत्या (b) हानि
(c) क्षति (d) मृत्यु

18. सादा जीवन उच्च विचार सफलता की ····· है।
(a) शर्त (b) कुंजी
(c) सीढ़ी (d) दात्री

19. पौराणिक महापुरुषों में कर्ण अपनी ········ के लिए सुविख्यात है।
(a) दात्रता (b) दानशीलता
(c) उदारता (d) विशाल-हृदयता

20. रामायण की घटना महाभारत की घटना की ······· है।
(a) उत्तरवर्ती (b) समसामयिक
(c) पूर्ववर्ती (d) समवर्ती

**निर्देश** (प्र.सं. 21-35) *नीचे दिए गए अनुच्छेदों को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।*

## अनुच्छेद 1

भारत की (21) जनता गाँवों में निवास करती है। सुमित्रानन्दन पन्त जी ने अपनी (22) में भारत माता को ग्राम वासिनी कहा है। हमारे राजनेताओं ने (23) गाँवों के विकास के लिए गम्भीर (24) नहीं किए। गाँवों में आज भी पक्के मार्ग, पीने को जल, आधुनिक सुविधाएँ, अस्पताल नहीं मिलते। गाँवों में (25) का भी अभाव है।

21. (a) अधिकतर (b) अधिकतम
(c) अधिकांश (d) अधिकांशत:

22. (a) कहानी (b) कविता
(c) लघु कथा (d) लोक कथा

23. (a) अबतक (b) अभी
(c) अभी तक (d) आज तक

24. (a) प्रयास (b) विकास
(c) परिणाम (d) उद्धार

25. (a) समाचार (b) अखबार
(c) रोजगार (d) विचार

## अनुच्छेद 2

अनुशासन से तात्पर्य है— नियम (26) व्यवस्था का पालन। प्रकृति में भी सूर्य, (27), पृथ्वी आदि नियमों का पालन करते हैं। यदि ये (28) का पालन न करे, तो सृष्टि नष्ट हो जाएगी। मानव जीवन में भी (29) का बड़ा महत्त्व है। अनुशासित व्यक्ति अपने जीवन में अधिक प्रगति करते हैं। समाज तथा राष्ट्र (30) प्रगति भी अनुशासन द्वारा सम्भव है।

26. (a) या (b) अथवा
(c) कोई (d) और

27. (a) चन्द्रमा (b) ग्रह
(c) नदियाँ (d) जल

28. (a) अनुभवों (b) व्ययों
(c) नियमों (d) परिणामों

29. (a) जीवन (b) अनुशासन
(c) शासन (d) मनुष्य

30. (a) की (b) का
(c) के (d) को

## अनुच्छेद 3

आज की सदी का सबसे बड़ा खतरा ग्लोबल वार्मिंग है। पृथ्वी पर गर्मी निरन्तर (31) जा रही है। लगातार पेड़ों का कटना, प्रदूषण का बढ़ना जारी है, जिससे वातावरण (32) होता जा रहा है। इसके साथ-साथ तापमान में भी (33) हो रही है। ओजोन की परत में (34) होने के कारण सूर्य की हानिकारक किरणें पृथ्वी पर आ रही हैं। ये सब मानवीय कार्य हैं, जो प्रकृति के चक्र को बाधित कर रहे हैं। हमें इन सब को रोकना होगा। पेड़ों को काटना (35) करना होगा और प्रदूषण पर भी लगाम लगाना होगा।

31. (a) घटती (b) बढ़ती
(c) फलती (d) चढ़ती

32. (a) जहरीला (b) मनमोहक
(c) सुहावना (d) भयानक

33. (a) घटोतरी (b) आग
(c) वृद्धि (d) कमी

34. (a) ह्रास (b) भेद
(c) वृद्धि (d) छिद्र

35. (a) कम (b) नष्ट
(c) अधिक (d) शुरू

Studyandupdates

**निर्देश** (प्र. सं. 36-38) *दिए गए वाक्यों में रिक्त स्थानों की उचित शब्दों द्वारा पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

**36.** हैजा एक ········ रोग है।
(a) अभिक्रामक (b) आक्रामक
(c) संक्रामक (d) अतिक्रामक

**37.** अथक परिश्रम और सतत् ········ चरमसीमा प्राप्त कर सकता है।
(a) व्यवसाय
(b) अव्यवसाय
(c) सभवाय
(d) मनमाने व्यवहार से

**38.** भगवत्कृपा से मूक भी ······· हो सकता है।
(a) बधिर (b) वाचाल
(c) अभिज्ञ (d) विज्ञ

**निर्देश** (प्र.सं. 39-43) *दिए गए अनुच्छेद में रिक्त स्थानों की उचित शब्दों द्वारा पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

कुछ लोग ज्ञान प्राप्ति को ही शिक्षा का एकमात्र (39) मानते हैं। ऐसे लोग चाहते हैं कि विद्यार्थी पुस्तकें ही पढ़ें, अन्य कुछ न करें, तभी उनके ज्ञान में (40) होगी। दूसरे लोग विश्वास करते हैं कि अकेले शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य (41) कमाने के योग्य नहीं हो सकता। ऐसे लोग सोचते हैं कि रोटी अधिक (42) है; जबकि दूसरे लोग विश्वास करते हैं कि शिक्षा का उद्देश्य अच्छे (43) और देशभक्त पैदा करना है।

**39.** (a) माध्यम (b) सहारा
(c) उद्देश्य (d) औजार

**40.** (a) पूर्ति (b) अभिवृद्धि
(c) प्राप्ति (d) उपलब्धि

**41.** (a) जीविका (b) समृद्धि
(c) यश (d) नौकरी

**42.** (a) प्रकार्य (b) महत्त्वपूर्ण
(c) उपयोगी (d) अनिवार्य

**43.** (a) नागरिक (b) आदमी
(c) नौकर (d) लोभ

**निर्देश** (प्र. सं. 44-50) *दिए गए वाक्यों में रिक्त स्थानों की उचित शब्दों द्वारा पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

**44.** गाँधीजी ने विश्वशान्ति के लिए प्रेम और ······· का मार्ग बताया।
(a) दया (b) सहयोग
(c) अहिंसा (d) त्याग

**45.** आशा का ······· जीवन के अन्धकार को दूर करता है।
(a) दीपक (b) प्रयास
(c) विस्तार (d) संयोग

**46.** शिक्षा का वास्तविक ······· मानव को पूर्णता प्रदान करना है।
(a) चिह्न (b) लक्षण
(c) उद्देश्य (d) सेवा

**47.** मेरी ······· बीमार है।
(a) स्त्री (b) पत्नी
(c) महिला (d) सौभाग्यवती

**48.** ऐसा व्यक्ति, जिसके आने का दिन, दिनांक और समय पहले से निश्चित नहीं होता, ······ कहलाता है।
(a) असामयिक (b) अभ्यागत
(c) गणमान्य (d) अतिथि

**49.** माताजी को ········· ।
(a) परिणाम (b) परिमाण
(c) प्रमाण (d) प्रणाम

**50.** स्वतन्त्रता के उपरान्त हमने ज्ञान और विज्ञान के ····· में प्रगति की है।
(a) पक्ष (b) स्रोत
(c) क्षेत्र (d) रूप

**निर्देश** (प्र.सं. 51-55) *निम्नलिखित में सम्बद्ध वाक्यों के अनुच्छेद में से कतिपय शब्द निकाल दिए गए हैं। ये शब्द प्रत्येक रिक्त-स्थान की पूर्ति के लिए प्रस्तावित विकल्पों में सम्मिलित हैं। अनुच्छेद के विषय को समझने के लिए इसे ध्यान से पढ़िए। अब, प्रस्तावित विकल्पों में से समुचित विकल्प चुनिए।*

आपको जिन बातों से भय लगता है, उनसे बचते रहने का (51) दुःखद हो सकता है। भयावह लगने वाली परिस्थितियों के सामने (52) खड़े हो जाने में ही बुद्धिमानी होती है। वास्तव में इस बात की भी पूरी (53) है कि स्थिति उतनी मुश्किल न हो जितनी आप उसे मान बैठे थे, या फिर सम्भव है कि स्थिति सचमुच ही (54) हो। तब, आपको यह तो पता चल जाएगा कि उससे कैसे (55) है।

**51.** (a) परिमाण (b) प्रणाम
(c) परिणाम (d) प्रमाण

**52.** (a) सटकर (b) डटकर
(c) हटकर (d) कटकर

**53.** (a) विभावना (b) प्रस्तावना
(c) सद्भावना (d) सम्भावना

**54.** (a) जटिल (b) कुटिल
(c) चोटिल (d) बोझिल

**55.** (a) सिमटना (b) लिपटना
(c) निपटना (d) चिटकना

**निर्देश** (प्र.सं. 56 और 57) *दिए गए वाक्यों में रिक्त-स्थानों की उचित शब्दों द्वारा पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

**56.** जो व्यक्ति सन्तुष्ट जीवन व्यतीत करना चाहते हैं उन्हें किसी दूसरे के कार्य से ········· नहीं करनी चाहिए।
(a) ईर्ष्या (b) तत्परता
(c) तीव्रता (d) शीघ्रता

**57.** वह ········· पूर्वक सबके सामने झुक गया।
(a) साग्रह (b) निग्रह (c) विनय (d) सदय

**निर्देश** (प्र.सं. 58-62) *दिए गए सम्बद्ध वाक्यों के अनुच्छेद में से कतिपय शब्द निकाल दिए गए हैं। ये शब्द प्रत्येक रिक्त-स्थान की पूर्ति के लिए प्रस्तावित विकल्पों में सम्मिलित हैं। अनुच्छेद के विषय को समझने के लिए इसे ध्यान से पढ़िए। अब प्रस्तावित विकल्पों में से समुचित विकल्प चुनिए।*

महँगाई की समस्या का (58) करने के लिए यह आवश्यक है कि जनसंख्या-वृद्धि पर तुरन्त रोक लगाई जाए, (59) को बढ़ाने के लिए भरसक (60) किए जाएँ, सरकारी योजनाओं को ढंग से चलाने के लिए (61) दिया जाए, करों की वृद्धि को रोका जाए, भ्रष्टाचार का पूर्णयता (62) किया जाए, तभी जनता इस महँगाई से मुक्त हो सकती है।

**58.** (a) समाधान (b) संधान
(c) लोप (d) शोध

**59.** (a) निर्माण (b) उत्पादन
(c) सृजन (d) निष्पादन

**60.** (a) परिवर्तन (b) सायाम
(c) उद्यम (d) प्रयत्न

**61.** (a) प्रोत्साहन (b) उत्साह
(c) साहस (d) प्रेरणा

**62.** (a) सम्मेलन (b) विस्थापन
(c) उन्मूलन (d) भेदन

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (b) | 2 | (d) | 3 | (d) | 4 | (a) | 5 | (c) |
| 6 | (c) | 7 | (d) | 8 | (b) | 9 | (c) | 10 | (d) |
| 11 | (a) | 12 | (a) | 13 | (b) | 14 | (b) | 15 | (d) |
| 16 | (c) | 17 | (d) | 18 | (b) | 19 | (b) | 20 | (c) |
| 21 | (c) | 22 | (b) | 23 | (d) | 24 | (a) | 25 | (c) |
| 26 | (d) | 27 | (a) | 28 | (c) | 29 | (b) | 30 | (a) |
| 31 | (b) | 32 | (a) | 33 | (c) | 34 | (d) | 35 | (a) |
| 36 | (c) | 37 | (b) | 38 | (b) | 39 | (c) | 40 | (b) |
| 41 | (a) | 42 | (b) | 43 | (a) | 44 | (c) | 45 | (a) |
| 46 | (c) | 47 | (b) | 48 | (d) | 49 | (d) | 50 | (c) |
| 51 | (c) | 52 | (b) | 53 | (d) | 54 | (a) | 55 | (c) |
| 56 | (a) | 57 | (c) | 58 | (a) | 59 | (b) | 60 | (d) |
| 61 | (a) | 62 | (c) | | | | | | |

Studyandupdates